## महत्वपूर्ण एवं खास

### गर्मी में यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी, रेलवे ने कई ट्रेनों को किया रद्द

**रायपुर (आरएनएस)।** उत्तर पूर्व रेलवे के लखनऊ रेल मंडल अंतर्गत गोरखपुर स्टेशन पर अधोसंरचना विकास कार्य के तहत गोरखपुर-गोरखपुर कैंट के बीच तीसरी रेलवे लाइन को जोडऩे के लिए 27 मार्च से 26 अप्रैल 2025 तक नॉन इंटरलोकिंग कार्य किया जाएगा. इस कार्य के पूर्ण होने के बाद ट्रेनों की समयबद्धता और गति में सुधार होगा. इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कुछ यात्री गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा. रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है और सहयोग की अपील की है.

**रद्द रहने वाली ट्रेनें**

गाड़ी संख्या 18205 (दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस) – 24 अप्रैल व 01 मई 2025 को रद्द.
गाड़ी संख्या 18206 (नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस) – 26 अप्रैल व 03 मई 2025 को रद्द.
गाड़ी संख्या 18201 (दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस) – 25 अप्रैल व 03 मई 2025 को रद्द.
गाड़ी संख्या 18202 (नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस) – 27 अप्रैल व 05 मई 2025 को रद्द.

### ग्रीष्म काल में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन के समय में परिवर्तन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि अर्थात 01 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 06 घण्टे से घटाकर 04 घण्टे किया गया है। समयावधि में उक्त परिवर्तन करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन 01 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक प्रात: 7 बजे से 11 बजे तक होगा। ग्रीष्मकाल समाप्ति उपरांत 01 जुलाई 2025 से पुन: आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन प्रात: 9:30 बजे से 3:30 बजे तक 6 घण्टे के लिए किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**5 हजार प्रतिमाह भत्ता एवं 6 हजार एकमुश्त सहायता से लाभान्वित होंगे युवा**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत सरकार द्वारा एक करोड़ युवाओं को 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना 2.0 प्रारंभ की गई है, जिसमें युवाओं को 12 महीने तक वास्तविक कारोबारी माहौल तथा विविध व्यवसायों और रोजगार के अवसरों का अनुभव प्राप्त होगा। साथ ही 5 हजार रूपए प्रतिमाह इंटर्नशिप भत्ता एवं 6 हजार रूपए एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना 2.0 के तहत पोर्टल पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओवी डॉट इन https://pminternship.mca.gov.in/login/ पर रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। योजना के तहत आईटीआई, डिप्लोमा, डिग्री धारक, दसवीं, बारहवीं उत्तीर्ण आवेदक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

### अनियंत्रित कार घर में घुसी, एक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** महानदी पुल के पास एक ब्रिजा कार अनियंत्रित होकर घर में घुस गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं 5 लोग घायल हो गए। मामले में गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हंसराज कंसारी 36 वर्ष वार्ड क्रमांक 6 नवापारा का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल दोपहर ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 05 एजे 3716 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को एक घर में घुसा दिया। जिससे हंसराज की मौत हो गई। वहीं 5 अन्य घायल हो गए। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# रायगढ़ में ब्लाइंड मर्डर केस का पर्दाफाश : चक्रधरनगर पुलिस ने सुलझाई होली की रात हुई हत्या की गुत्थी

## पत्नी से छेड़खानी पर युवक ने बरसाये थे लात-घूंसे, गंभीर चोट पर अधेड़ की हुई थी मौत

**❒ चक्रधरनगर पुलिस ने पुख्ता सबूत के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार, हत्या के अपराध में भेजा रिमांड पर**

**रायगढ़**



चक्रधरनगर पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री से पर्दा उठाते हुए होली के दिन हुई हत्या का खुलासा कर दिया है। यह मामला 14 मार्च 2025 का है, जब भैंसाकोठा गली में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली थी। सूचना मिलने पर तत्काल टीआई चक्रधरनगर प्रशांत राव अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और मर्ग क्रमांक 35/2025 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया, शव के चेहरे पर रंग-गुलाल लगा था। शव की पहचान न होने के कारण पुलिस के लिए यह मामला चुनौती बना हुआ था, लेकिन 17 मार्च को मृतक के बड़े भाई ने शव की पहचान साधराम निराले (42 वर्ष), निवासी गोपालपुर थाना चक्रधरनगर के रूप में की।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ बड़ा खुलासा**

20 मार्च को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मामले को हत्या की दिशा में मोड़ दिया। रिपोर्ट में पाया गया कि मृतक साधराम निराले के गले और सीने पर गहरी चोटें थीं, पसलियां टूटी हुई थीं और लीवर फट गया था। पीएम रिपोर्ट पर किसी भारी और भोंथरे वस्तु से चोट पहुंचाने का जिक्र था।

**सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को मिला सुराग**

थाना प्रभारी प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस ने जब इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए, तो एक संदिग्ध युवक मृतक को मारता हुआ दिखा। हालांकि, फुटेज में उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो रही थी, लेकिन उसके साथ एक महिला भी नजर आ रही थी। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों को ढूंढ निकाला, जिन्होंने बताया कि 13 मार्च की रात एक अज्ञात व्यक्ति ने साधराम को घूंसे और लातों से पीटा और वहीं छोड़कर चला गया।

**आरोपी अंकित अग्रवाल चढ़ा पुलिस के हत्थे**

चक्रधरनगर पुलिस ने बारीकी से सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के बाद संदिग्ध की पहचान अंकित अग्रवाल (निवासी सरला विला, संजय नगर) के रूप में की। गवाहों से शिनाख्ती कराई गई, जिसमें अंकित अग्रवाल को पहचान लिया गया। जब पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपराध कबूल कर लिया।

**पत्नी से छेड़खानी पर आई मौत!**

पूछताछ में आरोपी अंकित अग्रवाल ने बताया कि 13 मार्च को वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से सामान लेने निकला था। तभी साधराम (मृतक) ने उसकी पत्नी से छेड़छाड़ की। गुस्से में आगबबूला होकर अंकित ने अपनी एक्टिवा स्कूटी (सीजी 13 ए एच 2331) से साधराम का पीछा किया और उसे भैंसाकोठा गली में रोककर बेरहमी से लात-घूंसे बरसाए। वह उसे तड़पता छोड़कर भाग गया, जिससे साधराम की मौत हो गई।

**गिरफ्तार कर भेजा गया जेल**

अंकित अग्रवाल पिता स्वर्गीय विजेंद्र अग्रवाल उम्र 33 साल निवासी संजय नगर सरला विला के पीछे थाना चक्रधरनगर को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया और उसकी स्कूटी भी पुलिस ने जब्त कर ली। चक्रधरनगर पुलिस ने अपराध क्रमांक 131/2025 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

**इनकी रही अहम भूमिका**

एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देशन में इस ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने में थाना प्रभारी प्रशांत राव, सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक पुष्पेंद्र जाटवर, विक्रम सिंह, विकास प्रधान और प्रताप बेहरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दिव्यांगजनों के लिए आयोजित आकलन शिविर में 186 हुए लाभान्वित

**रायगढ़**

समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा जिले के विभिन्न दूरदराज ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में दिव्यांगजनों के लिए आकलन शिविर का आयोजन किया जाकर कलाजत्था द्वारा सामाजिक सहायता योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस तारतम्य में 27 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कापू में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय रायगढ़ के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपस्थित 280 दिव्यांगजनों में से अस्थि बाधित-84, दृष्टि बाधित-27, श्रवण बाधित-57, मानसिक-16, हिमोफिलिया-02 कुल 186 दिव्यांगजनों का आकलन सह प्रमाणीकरण किया गया।





## चैत्र नवरात्र और ईद को लेकर प्रशासन सतर्क, पुलिस कंट्रोल रूम में हुई महत्वपूर्ण बैठक

**रायगढ़**

आगामी चैत्र नवरात्र और ईद को लेकर शहर में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से आज पुलिस कंट्रोल रूम में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश मरकाम ने की, जिसमें एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, साइबर डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह, नगर निरीक्षक सुखनंदन पटेल एवं प्रशांत राव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में दोनों धर्मों के गणमान्य व्यक्तियों से संवाद कर त्योहारों के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली गई। अधिकारियों ने नवरात्रि और ईद के दौरान शहर में शांति, सौहार्द और भाईचारे के संदेश को कायम रखने की अपील की।

**प्रमुख दिशा-निर्देश:**

नवरात्रि के दौरान मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों के आसपास विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे और अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

- ईद की नमाज के दौरान ईदगाह एवं प्रमुख मस्जिदों के पास ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।
- किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ संदेश प्रसारित करने वालों पर आईटी एक्ट और अन्य कानूनी धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई होगी।
- ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की जाएगी।
- दोनों पर्वों के दौरान शांति बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।

प्रशासन ने सभी नागरिकों से सद्भाव और उल्लासपूर्वक पर्व मनाने का आग्रह किया और कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन और पुलिस सतर्क है। आमजन से भी अनुरोध है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## मारपीट से हुई मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार, जोबी पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में पेश कर भेजा जेल

**रायगढ़**

जिले के जोबी पुलिस चौकी क्षेत्र में महुआ बीनने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।



घटना 16 मार्च 2025 की है, जब ग्राम केवाली निवासी ठग्गू राम निषाद (42) ने चौकी जोबी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका बड़ा भाई मेघनाथ निषाद (56) और उसकी पत्नी जानकी बाई महुआ बीनने के लिए दर्रीखार गए थे। इस दौरान खडगांव निवासी धनंजय महंत उर्फ लालू (18) ने महुआ को लेकर विवाद करते हुए मेघनाथ निषाद के साथ गाली-गलौच और मारपीट की। मारपीट में मेघनाथ गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया, जिसे पुलिस की डायल 112 टीम ने खरसिया अस्पताल पहुंचाया। हालत बिगड़ने पर उसे अपेक्स हॉस्पिटल रायगढ़ रेफर किया गया, जहां 27 मार्च को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

घटना के बाद जोबी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर ने शव का पोस्टमार्टम कराकर आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराएं (103-1 BNS) जोड़ते हुए मामला दर्ज किया। 28 मार्च को धनंजय महंत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रायगढ़ जिला जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग पटेल के निर्देशन और अनुविभागीय अधिकारी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण राठौर, प्रधान आरक्षक दशरथ लाल सिदार, आरक्षक सुरेंद्र बंसी और घनश्याम सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जोबी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया, जिससे क्षेत्र में पुलिस की तत्परता और कानून व्यवस्था की प्रभावशीलता स्पष्ट हुई।

## शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण, शादी से मुकरा तो पहुंचा जेल

**रायगढ़**

घरघोड़ा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से चार साल तक संबंध बनाने और मुकरने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी खीरसागर सिदार उर्फ गोलू सिदार (27), निवासी बरकसपाली को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



घटना की जानकारी के अनुसार, 27 मार्च 2025 को एक 24 वर्षीय युवती ने घरघोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी खीरसागर सिदार से उसकी जान-पहचान चार साल पहले हुई थी। इस दौरान खीरसागर ने शादी का वादा कर उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया और शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया कि मई 2021 में जब उसके माता-पिता घर से बाहर गए थे, तब खीरसागर ने जबरदस्ती संबंध बनाए। इसके बाद हर बार शादी का झांसा देकर वह उसे शोषित करता रहा।

युवती को 19 मार्च 2025 को पता चला कि खीरसागर की सगाई किसी और लड़की से हो चुकी है। जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने कहा कि उसकी मर्जी के बिना यह सगाई हो रही है और वह शादी उसी से करेगा, कहकर सफाई दिया युवती को भरोसा दिलाने के लिए 23 मार्च 2025 को खीरसागर उसके माता-पिता के सामने शादी की बात करने आया और उसे अपने घर ले गया। लेकिन वहां पहुंचते ही परिवार के विरोध के बाद खीरसागर ने शादी से इनकार कर दिया और युवती को अकेला छोड़ दिया।

**पुलिस ने 24 घंटे में दबोचा आरोपी**

युवती की रिपोर्ट पर घरघोड़ा थाना प्रभारी रामकिंकर यादव के नेतृत्व में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी खीरसागर सिदार के खिलाफ अपराध क्रमांक 70/2025, धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने पर्याप्त सबूतों के आधार पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

इस पूरे मामले में थाना प्रभारी रामकिंकर यादव और उनकी टीम ने फौरन कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्त में लिया, जिससे पीड़िता को जल्द न्याय मिल सका।

## सहकारिता कैलेण्डर जारी कर किया जा रहा विविध कार्यक्रम

**❒ समिति स्तर पर माईक्रो एटीएम से संव्यवहार बढ़ाने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**रायगढ़**

भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति के अंतर्गत वर्ष 2025 को अतंर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित कर समिति स्तर पर गतिविधियों की क्रियान्वयन हेतु सहकारिता कैलेण्डर वर्ष 2025 जारी किया गया है।




जारी कैलेण्डर अनुसार जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के मुख्यालयों एवं जिला मुख्यालय स्तर पर सहकारिता गतिविधियों को सुदृढ़ करने हेतु समितियों का पंजीयन, सदस्यता वृद्धि, प्रशिक्षण, लोक सेवा केन्द्र का संचालन, के.सी.सी. कार्ड वितरण, फसल चक्र से संबंधित जानकारी, कृषि आदान शिविर तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज जिले के सभी पैक्स मुख्यालयों पर समिति स्तर पर माईक्रो ए.टी.एम. से संव्यवहार बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं पैक्स में डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने तथा कृषक संगठन पंजीयन के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई। उक्त शिविरों में कृषक सदस्यों की उपस्थिति रही।

## नगर कोतवाल ने किया मेधावी छात्रों, गुड सेमेरिटन और समाजसेवियों का सम्मान

**रायगढ़**

समाज के लिए कुछ करने की भावना रखने वालों को जब पहचान और सम्मान मिलता है, तो यह न केवल उनका उत्साह बढ़ाता है बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनता है। इसी सोच को साकार करते हुए रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में नगर पुलिस ने एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर समाज के नायकों को सम्मानित किया। इस मौके पर नगर कोतवाल सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक ऐनु देवांगन ने थाना परिसर में मेधावी छात्र-छात्राओं, सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाले 'गुड सेमेरिटन', गौसेवा में योगदान देने वाले नागरिकों और पुलिस मित्रों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



**शिक्षा के सितारे हुए रोशन**

अच्छे अंक लाने वाले छात्रों का हौसला बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली रश्मी देवांगन (89%) और हर्ष निषाद (88%) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन छात्रों की मेहनत और लगन को सराहते हुए पुलिस ने कहा कि वे आगे भी इसी तरह जिले का नाम रोशन करें।

**'गुड सेमेरिटन' – जिन्होंने वक्त पर बढ़ाया मदद का हाथ**

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करना किसी देवकार्य से कम नहीं। ऐसे ही नेकदिल युवाओं को 'गुड सेमेरिटन' सम्मान से नवाजा गया, जिनमें अजय वैष्णव, समीर अहमद, महेश साहू, राजेश बरेठ, मोहन लाल कर्ष और श्याम शर्मा का नाम शामिल है। इन्होंने अपने त्वरित निर्णय और इंसानियत की भावना से जरूरतमंदों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में मदद की।

**गौसेवा में भी मिसाल बने समाजसेवी**

गायों की सेवा और संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सुमीत बेहरा और देवांस पाण्डेय को विशेष सम्मान दिया गया। इनका समर्पण न केवल पशुओं के प्रति प्रेम को दर्शाता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है।

**पुलिस मित्रों को मिला सराहनीय सम्मान**

समाज और पुलिस के बीच सेतु का कार्य करने वाले पुलिस मित्रों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। इस अवसर पर समीर घोष और उमेश सिंह को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। पुलिस मित्रों ने हमेशा की तरह असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस को सतर्क किया और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दिया।

**पुलिस की अपील – समाजहित में आगे आएं, अपराध पर लगाम लगाएं**

नगर कोतवाल सुखनंदन पटेल ने इस अवसर पर सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई देते हुए समाज के अन्य नागरिकों से भी अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और असामाजिक तत्वों की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि ऐसे समाजसेवियों को भविष्य में भी सम्मानित किया जाएगा और पुलिस अपराध के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रखेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480